## प्रदेश में 6200 ग्राम पंचायतों में ई-लाईब्रेरी बनाने का कार्य किया जा रहा

# हर गांव में पंचायत भवन बनाना सरकार की प्राथमिकता : कृष्ण लाल पंवार

21 लाख रुपये भवन निर्माण पर व 4 लाख रुपये फर्नीचर पर खर्च होंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने आज जिला सचिवालय सभागार में खण्ड मडलौडा के सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरपंच गांव का जिम्मेदार व्यक्ति है। उसे अपनी शक्तियों का सकारात्मक दिशा में व गांव के विकास में प्रयोग करना चाहिए। राज्य सरकार गांवों को मॉडल गांव बनाने के लिए गांव में हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है।


पानीपत। सरपंचों व अधिकारियों की बैठक लेते हुए मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो :हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 6200 ग्राम पंचायतों में ई-लाईब्रेरी बनाने का कार्य किया जा रहा है। हर गांव में पंचायत भवन भी बनाये जा रहे हैं।

सरकार इस कार्य को प्राथमिकता से कर रही है। 125 करोड़ की लागत से ये भवन बनाए जाने है। इनमें 21 लाख रुपये भवन निर्माण पर व 4 लाख रुपये फर्नीचर पर खर्च होंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दूसरे चरण में 541 गांवों में स्ट्रीट लाईटें लगाई जाएगी। जिन गांवों में महिला सांस्कृतिक केन्द्र अभी तक नहीं बने हैं उनके निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इण्डोर जिम गांव में खोले जा रहे हैं। एक जिम की लागत 10 लाख रूपये है। इसका उददेश्य गांव में खेल का वातावरण तैयार करना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांव के शमशान घाट की चार दिवारी करवाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 2200 तालाबों का जिर्णोद्धार करने का भी सरकार कार्य कर रही है। इसको लेकर कार्य को गति प्रदान की जा रही है। इन तालाबों को शीघ्र बनाया जाएगा। इनके सुधारीकरण को लेकर सरपंचों को निष्ठाा से कार्य करना होगा। वहीं उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि हर गांव को पॉलथिन मुक्त करना हमारी प्राथमिकता है। इसमें जो ग्राम सचिव सरपंचों का सहयोग नही करेंगे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत विकास अधिकारी ने बताया कि हर पंचायत भवन का प्रस्ताव देना होगा ताकि भवन का निर्माण अतिशीघ्रता से किया जा सके। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद डॉ.किरण सिंह, डिप्टी सीईओ कंचन लता के अलावा मडलौडा खण्ड के सरपंच और ग्राम सचिव मौजूद रहे।

# राजकीय विद्यालय तहसील कैंप ने होनहार छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप में दसवीं व बाहरवीं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीईओ राकेश बूरा, डीईईओ सुभाष चंद्र भारद्वाज, डिप्टी डीईओ मनीष गुप्ता, बीईओ बिक्रम सहरावत व पूर्व प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र रहे। विद्यालय का इस वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत व बाहरवीं का 99.14 प्रतिशत रहा। जिसमें बाहरवीं कक्षा में 48 विद्यार्थियों तथा दसवीं में 23 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। डीईओ राकेश बूरा ने सभी विद्यार्थियों शुभकामनायें दी और भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने सभी का धन्यवाद किया। वहीं अतिथियों द्वारा मेरिट प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया।



पानीपत। मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीईओ राकेश बूरा व अन्य।

### एसडीवीएम में कराया गरीब बच्चे का दाखिला

पानीपत।गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा आज फिर एक बच्चे का स्कूल में दाखिला कराया गया तथा पूरे वर्ष की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा की। बच्चे नीर चुघ के परिवार वालों ने समिति से संपर्क किया और बताया की वह अपने बच्चे को पढ़ाने में असमर्थ हैं। समिति के सदस्यों ने जांच के बाद एसडीवीएम स्कूल में जाकर बच्चे का एडमिशन तीसरी कक्षा में करवाया गया। वहीं बच्चे पढ़ाई का पूरे वर्ष का खर्च समिति और एसडीवीएम स्कूल मैनेजमेंट ने उठाने की घोषणा की है।

# अवैध खनन करना बड़ा अपराध : डॉ.विरेंद्र

पानीपत। जिला सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में आज जिला टास्क फोर्स कमेटी (माईनिंग) की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अवैध माईनिंग कार्य करने वाले समाज के दुश्मन है। जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए अधिकारियों को और सख्ती से कार्यवाही करनी होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिस क्षेत्र में अवैध माईनिंग की सम्भावनाएं दिखाई पड़ती है वहां अधिकारी निगरानी बरते और ज्यादा से ज्यादा एफआईआर दर्ज कर अवैध खनन पर शिकंजा कसें। पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि रात्रि के वक्त और निगरानी बरतने की आवश्यकता है।

### साइबर क्राइम जागरूकता प्रतियोगिता में आरशी जुनेजा रही

पानीपत। पाईट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल टाउनशिप के विद्यार्थियों द्वारा आभासी न्यायालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पहले तो साइबर क्राइम प्राइवेसी एंड डाटा प्रोटक्शन विषय को लेकर अध्यापक के निर्देशन में तैयारी की। अपने आप को बड़ी लगन के साथ निश्चित भूमिका के लिए तैयार किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से वर्तमान में साइबर क्राइम से जूझ रहे लोगों को संदेश देने का प्रयास भी किया है कि किस प्रकार वे अपना बचाव कर सकते हैं। प्रतियोगिता में आरशी जुनेजा को प्रथम, अकांशा बाँगा को द्वितीय व चार्मी कादियान को तृतीय पुरस्कार दिया गया। मैनेजमेंट द्वारा तीन सांत्वना पुरस्कारों की घोषणा की गई जो कि कृतिका अरोड़ा, तपस्या व पीहू बाँगा को मिला।



# स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समर्थ किशोरी विकास केन्द्र, चांदनी बाग में किशोरियों और महिलाओं के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई।

कार्यक्रम में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीषा कादियान द किडनी हॉस्पिटल द्वारा बताया गया कि मासिक धर्म की अनियमितता, अत्यधिक थकान, त्वचा विकार, मानसिक तनाव, और स्तनों में बदलाव जैसे लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे में समय रहते डॉक्टर से संपर्क करना आवश्यक होता है।


पानीपत। जागरूकता कार्यक्रम में डा.मनीषा कादियान को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### अंकन साहित्यिक मंच की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

पानीपत।आर्य पीजी कॉलेज में अंकन साहित्यिक मंच के कवि सम्मेलन मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन दिल्ली के सुर साहित्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसकी अध्यक्षता पानीपत में ही जन्मी सविता चड्ढा ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के इंतखाब संभली रहे। चंडीगढ़ के नवीन नीर, सोनीपत के जितेंद्र वशिष्ठ व उत्तर प्रदेश के प्रदीप श्मायूस विशिष्ट अतिथि रहे। मंच संचालन अंकन संयोजिका सोनिया सोनम अक्स ने किया। अंकन संरक्षक डॉ.एपी जैन ने सभी का स्वागत व धन्यवाद किया। गोष्ठी में चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के साथ सोनीपत, रोहतक, करनाल, असंध आदि स्थानों से भी 23 रचनाकारों सहित लगभग 45 कलमकारों ने शिरकत की।

### स्कूलों में नाटकों से किया शिक्षा का प्रचार

समालखा। शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति एवं हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा सार्वजनिक शिक्षा बचाओ अभियान के तहत नाटक जत्था नारायणा गांव की धानक चौपाल में ले किताबें चल पड़े हैं नाटक की प्रस्तुति दी। मा.आनंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अलावा रा.उ.विद्यालय देहरा में भी प्रस्तुति दी गई। यहां पर स्कूल के हेड मास्टर विजय ने टीम का स्वागत किया। जबकि रावमाविद्यालय राक्सेड़ा में प्रिंसिपल सत्यनारायण ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राइमरी हेड राजेश, मा.प्रदीप, नरेश, सुदेश, उनेश, महीपाल, सुमन, टैग आर्ट ग्रुरप से नाटक के डायरेक्टर प्रवेश त्यागी, नाटक कलाकार विनय, सुधांशु, लक्की, नैतिक, साहिल, सूरज व मुस्कान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


पानीपत। स्कूल में नाटक की प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### फिरदौस की डंडा मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

पानीपत।थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने सेक्टर 29 में फ्लौरा चौक के नजदीक 24 वर्षीय की डंडा मारकर हत्या करने के आरोपी को वारदात के महज 24 घंटे के दौरान रविवार देर शाम को जीटी रोड नांगल खेड़ी अंडर पास के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नरेंद्र उर्फ शिशु निवासी सिवाह के रूप में हुई है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने डंडा मारकर फिरदौस की हत्या करना स्वीकारा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद कर सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में असद पुत्र जमालउद्दीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह मूल रूप से बिहार के किशनगंज जिले के गांव कैरी बिरपुर गांव का रहने वाला है। हाल में विकास नगर में किराये पर रहता है। वह 5 भाई और तीन बहने हैं। तीसरे नंबर का भाई फिरदौस आलम 24 मई को अपनी ससुराल फ्लौरा चौक आया था। यहा वह अपने दोस्त शाहनवाज के साथ रात करीब 8:30 बजे फ्लौरा चौक के खाली मैदान में टहलने के लिए चला गया।


हत्यारोपी के साथ पुलिस टीम।

### भारत विकास परिषद ने किया परिवार मिलन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

पानीपत। भारत विकास परिषद पानीपत शाखा द्वारा अग्रवाल भवन सेक्टर 24 में परिवार मिलन, शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्यअतिथि प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश गोयल रहे। अति विशिष्ट अतिथि डॉ.अर्चना गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा मध्य प्रांत के अध्यक्ष सुरेश मित्तल ने की व सानिध्य क्षेत्रीय संयोजक सेवा प्रवीण गुप्ता रहे। दीप प्रज्जवलन व वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रांतीय संयोजक संपर्क विक्रांत शर्मा ने सदन को परिषद का परिचय दिया व सबको परिषद् के उद्देश्यों से परिचित करवाया। शाखा सचिव प्रवीण गुप्ता ने वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की। शाखा अध्यक्ष दीपक गर्ग ने सभी को की उपलब्धियां बताई व अपार सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया। वहीं शाखा द्वारा बेहतरीन कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपक गर्ग अध्यक्ष, प्रवीण कुमार गुप्ता को सचिव व अनुज गोयल को कोषाध्यक्ष की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन महिला संयोजक सहभागिता नीतिका गोयल व योगेश गोयल ने किया।




### शादी के दस्तावेज लेकर नवविवाहिता फरार

बापौली। बापौली थाना क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय नवविवाहिता घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। वह अपने साथ लव मैरिज के दस्तावेज, मोबाइल फोन और डेबिट कार्ड तक ले गई। पति ने उसकी कई जगहों पर तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। जिसके बाद उसकी गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बापौली थाना पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि वह गांव भलौर का रहने वाला है। वह एक प्राइवेट जॉब करता है। उसकी 19 वर्षीय अन्नया निवासी बाकनेर कॉलोनी, नरेला, दिल्ली के साथ 20 जुलाई 2024 को कोर्ट मैरिज हुई थी। इसके बाद दोनों एक साथ गांव में ही रहने लगे। गत 25 मई को उसकी पत्नी सुबह करीब साढे 11 बजे घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई। जिसकी परिजनों ने अपने तौर पर तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। वह अपने साथ डेबिट कार्ड, लव मैरिज के दस्तावेज, मोबाइल फोन भी ले गई है। जबकि उसका फोन स्विच ऑफ है। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रशासन जिले में नहीं होने देगा अवैध निर्माण : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने आज जिला सचिवालय में जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसी भी तरह से अवैध कॉलोनियों का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। इस कार्य में अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा चौकसी बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जहां पर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है वहां पर पुलिस बल को साथ लेकर तुरंत कार्यवाही करें। वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस हमेशा इस कार्य के लिए मुस्तेद रहेगी। जहां भी पुलिस का सहयोग डीटीपी लेंगे तुरंत पुलिस मुहैया करवाई जाएगी। जरूरत पडने पर एफआईआर भी दर्ज करें। देरी करने वाले अधिकारियों पर भी एफआईआर दर्ज हो सकती है। एसडीएम ब्रहमप्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, डीटीपी संजय अंतिल आदि मौजूद रहे।

### परिवार वालों की मौजूदगी में जेवर व दस्तावेज चोरी

पानीपत। शहर के आर्य नगर में बेखौफ चोरों ने परिवार वालों की मौजूदगी में ही घर में चोरी कर ली। चोरों ने मकान से कैश, दस्तावेज, मोबाइल फोन व आभूषण चुराए। मामले का पता उस वक्त लगा, जब परिवार वाले सुबह उठे और उन्हें सामान बिखरा दिखा। परिवार वालों ने अपने तौर पर मामले की जांच.पड़ताल करने के बाद इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। साथ ही अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत में राजन ने बताया कि वह आर्य नगर का रहने वाला है। 21 व 22 मई को उसके घर में चोरी हो गई।

# महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना जरूरी : आशा अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल एवं सार्वदेशिक आर्य वीर दल के शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरा दिन रहा। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि यह शिविर देश में नौजवानों की जागरूकता के लिए लगाया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। अध्यापिका आशा अरोड़ा ने मुख्य वक्ता के रूप में महिला स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सदा सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा जो व्यक्ति जीवन में महिलाओं के सशक्तिकरण का साथ देता है वह जीवन में सदा सफलता की ओर अग्रसर होता है उन्होंने बताया आर्य समाज ने सदा महिलाओं के उत्थान के लिए महिलाओं की वृद्धि के लिए महिलाओं के सम्मान के लिए उच्चतम रूप से कार्य किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य, शिविराध्यक्ष आचार्य राजकुमार शर्मा, उपाचार्य जगदीश चहल, धर्माचार्य योगेश, मुख्य प्रशिक्षक प्रवीण आर्य योगाचार्य , जय राम आर्य , कर्ण आर्य, दीक्षा आर्य, वंशिका आर्या, इशिका आर्य आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। शिविर में बोलते हुए अध्यापिका आशा अरोड़ा।

# महापौर कोमल सैनी ने तकनीकी शाखा के अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम की महापौर कोमल सैनी ने नगर निगम स्थित महापौर कार्यालय में निगम की तकनीकी शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निगम के अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत, कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया, कार्यकारी अभियंता सुमित नांदल, कार्यकारी अभियंता रूपेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महापौर कोमल सैनी ने अधिकारियों से सदन की बैठक के पारित किए गए मुद्दो सहित एग्रो मॉल में बन रहे नगर निगम कार्यालय की स्थिति, ड्रेन नंबर 1 की सफाई, शहर के सीवरेज व्यवस्था को सुचारू करना, स्ट्रीट लाइट, नव निर्वाचित पार्षदों के बोर्ड लगाने सहित निगम में चल रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर सभी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। कोमल सैनी ने कहा कि पानीपत शहर की सम्मानित जनता ने जिस उम्मीद के साथ हमें चुना है उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।


पानीपत। निगम अधिकारियों की बैठक लेते हुए महापौर कोमल सैनी। फोटो :हरिभूमि

## हमें जीत और हार दोनों को विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए : डॉ.सिंह

# कबड्डी में आर्य पीजी कॉलेज की पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीता

- उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व प्राध्यापकों ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रविवार को करनाल में आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता में कबड्डी प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज की पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया।

वहीं आज कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व प्राध्यापकों ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।साथ ही इस उपलब्धि के लिए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, कोच अनूप गुलिया, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी को बधाई दी। प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने कहा की हरियाणा प्रदेश के खिलाडियों ने खेलों में देश का नाम रोशन किया है और पानीपत के आर्य कॉलेज की भागीदारी इसमें बहुत अह्म रही है।


पानीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व अन्य।

**पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी**

सुरेंद्र सिंगला ने इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता के साथ-साथ पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी। उपाचार्या डॉ.अनुराधा सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। जीत और हार दोनों को विनम्रता से स्वीकार करना हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। इस अवसर पर खिलाड़ी साहिल जागलान, सुमित जागलान, जितेंद्र जागलान, रासा, वंश सांगवान, विनय सांगवान, साहिल, सचिन, साहिल बेनीवाल व रमन आदि मौजूद रहे।

### जानलेवा हमला करने के चार आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। थाना किला पुलिस ने भारत नगर निवासी जीजा व साले पर जानलेवा हमला करने के चार आरोपियों को रविवार शाम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान कुटानी रोड गांधी नगर निवासी धवन, हर्ष, विष्णु व जगजीवन कॉलोनी निवासी भारत के रूप में हुई है। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्री निवास ने बताया कि पूछताछ में चारों आरोपियों ने अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। सोमवार को चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में शामिल फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने व वारदात में प्रयुक्त लाठी, डंडें बरामद करने का प्रयास करेंगी।


पानीपत। पार्षद अजीत बिट्टू प्रजापत को सम्मानित करते हुए मेयर कोमल सैनी व बीके अंजना। फोटो :हरिभूमि

### समाज में एकजुटता बनाए रखने के लिए शांति बेहद आवश्यक : कोमल सैनी

पानीपत। सेक्टर 25 ब्रह्माकुमारी, सद्भावना सोसाइटी, महर्षि दयानंद सोसाइटी, श्री कृष्णा सोसाइटी, हिमालय एनक्लेव, गोकुलधाम एनक्लेव द्वारा शांति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। जिसकी शुरुआत सेक्टर 25 की श्री कृष्णा मंडली द्वारा भजन गाकर की गई। मुख्य अतिथि मेयर कोमल सैनी और पार्षद अजीत बिट्टू प्रजापति उपस्थित रहे। सोसाइटी के सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर अतिथियों का स्वागत किया। सेक्टर 25 सेंटर की संचालिका बीके अंजना बहन ने शांति दिवस के बारे में बताते हुए कहा की शांति वह मार्ग है जिस पर चलकर हम समाज में विकास और समृद्धि ला सकते हैं। यदि हमारे पास शांति नहीं है तो राजनीतिक ताकत, आर्थिक स्थिरता और सांस्कृतिक विकास हासिल करना असंभव होगा। मेयर कोमल सैनी ने कहा की इस दिवस को मनाने का उद्धेश्य दुनिया में प्रेम.भाईचारा और शांति को बनाए रखना है। अविश्वास समाज को गलत फ हमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाता है। समाज में एकजुटता की भावना को बनाए रखने के लिए शांति और समझ होना बेहद आवश्यक है।

